बुधवार
18 जून 2025
● देहरादून
● वर्ष 33
● अंक 135
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

33 साल से देहरादून का विश्वास

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## पहाड़ से बरसे पत्थर

# 2 लोगों की मौत, 3 घायल




विशेष संवाददाता

रुद्रप्रयाग। केदार घाटी में मौसम की मार लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। गौरीकुंड के जंगल में हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना में सात लोगों की मौत के बाद आज पैदल मार्ग पर पहाड़ से बोल्डरों की बरसात ने दो लोगों की जिंदगी छीन ली वही तीन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें गौरीकुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केदारनाथ घाटी का मौसम आज अत्यंत ही बिगड़ा हुआ है। घाटी में बीते कल से ही लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग द्वारा बीते दो दिनों से लगातार इस बात की संभावना जताई जा रही थी और यात्रियों से सावधानी बरतने को कहा जा रहा था। लेकिन खराब मौसम में भी यात्रियों का आवागमन जारी है वहीं रोड मरम्मत का काम भी चल रहा है। आज सुबह जंगल चट्टी में अचानक पहाड़ से बड़े-बड़े बोल्डर गिरने से उनकी चपेट में आये पांच लोगों में से दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए गौरीकुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दो दिन पहले भी भारी बारिश के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक व्यक्ति की मौत हुई थी। बता दें कि केदारनाथ समेत पर्वतीय इलाकों में बारिश का दौर जारी है। गौर हो कि अभी मानसून ने भी दस्तक नहीं दी है। अभी से गदेरे और नाले उफान पर आ गए हैं। ऐसे में प्रशासन को अधिक अलर्ट होने पर जोर दिया जा रहा है।

### ❑ आज भी उड़ान नहीं भर सके हेलीकॉप्टर

उधर हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भले ही बीते कल से हेलीकॉप्टरों की उड़ान शुरू कर दी गई हो लेकिन कल मौसम खराब होने के कारण पूरे दिन एक भी हेलीकाप्टर ने उड़ान नहीं भर सकी थी वही आज दूसरे दिन भी मौसम अत्यधिक खराब होने की वजह से एक भी हेलीकाप्टर उड़ान नहीं भर सका। जिसके कारण लगभग 900 यात्रियों के हेली टिकटो को कैंसिल करना पड़ा है। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में अभी 23 जून तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह का कहना है कि राज्य में भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रियों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# जनता की गणना

जनगणना एक राष्ट्रीय जरूरत है। देश की वर्तमान समय में जनसंख्या कितनी है इसका ठीक ठीक पता किसी को भी नहीं है। नेताओं द्वारा अपने भाषणों में कभी सवा सौ करोड़ तो कभी 140 करोड़ तो कभी इससे भी अधिक होने की बात की जाती रही है। अभी बीते दिनों समाचार में आया था कि भारत ने जनसंख्या में चीन को पछाड़ दिया है तथा भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। देश की जनसंख्या का सही आंकड़ा सही मायने में पूर्व समय में कराई गई तमाम जनगणना में से किसी में भी सटीक आंकड़े नहीं मिल सके है जिसका कारण जनसंख्या की गणना पद्धतियों की खामियां रही हैं। हर एक 10 साल के अंतराल पर जनगणना तो होती रही लेकिन इसमें इतनी तकनीकी और मानवीय त्रुटियां रही है कि इन्हें सिर्फ एक खाना पूर्ति ही कहा जा सकता है इसलिए इसका सही अनुमान लगाया जाना संभव है ही नहीं। अब सरकार ने जनगणना कराने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार की जाने वाली जनगणना न सिर्फ डिजिटल होगी अपितु इसमें जातियों की जानकारी से लेकर हर परिवार की संपूर्ण आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति का ब्यौरा भी एकत्रित किया जा सकेगा। जिससे ऐसे कई सवालों का जवाब भी मिल सकेगा कि देश के आम आदमी की माली हालत क्या है कितने लोगों के पास रोजगार है तथा कितने बेरोजगार है। गरीबी-अमीरी के साथ-साथ उनको मिलने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य तमाम जरूरी जरूरतों की क्या स्थिति है कितने लोगों के पास अपना घर है तथा कितने लोग बेघर हैं? राष्ट्रीय सेवाओं में किस जाति धर्म के लोगों की कितनी भागीदारी है और कितने लोगों के घर तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है और कितने लोग सामाजिक उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय की क्या स्थिति है। सही मायने में किसी भी देश का समग्र विकास तब तक संभव नहीं है जब तक सभी जाति धर्म और वर्ग तथा क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का सामान रूप से लाभ नहीं पहुंचता। सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चलती तो रही है लेकिन आजादी के बाद भी अगर कुछ लोग विकास के शिखर पर पहुंच गए हैं और कुछ लोग गरीबी की अंधेरी खाई में पड़े रहने पर विवश हैं तो यह सब इसलिए ही हुआ है क्योंकि सभी को सामान लाभ नहीं मिल सका है। जो सबसे निचला तबका है आज उसके उत्थान के लिए अगर अलग से कुछ कल्याणकारी योजनाएं बनाने की जरूरत है तो तभी बनाई जा सकती है जब जनसंख्या की सही गणना हो और उसके साथ जुटाए गए अन्य तथ्य सच पर आधारित हों आज अगर वर्तमान की बात की जाए तो करोड़ों लोग मनरेगा में मजदूरी कर रहे हैं। 80 करोड लोगों को सरकार मुफ्त राशन दे रही है। सवाल यह है कि क्या जांच एजेंसियां इसकी जांच भी करती हैं कि क्या यह सब इन योजनाओं का लाभ पाने वाले उचित पात्र हैं। खैर यह अच्छी बात है कि अब जनगणना का कार्यक्रम घोषित हो गया है। कम से कम यह तो पता चल सकेगा की जनाधिक्ता की मार कहां पहुंच चुकी है इसे कैसे कम किया जाएगा और गरीबों के उत्थान के लिए कैसे प्रभावकारी योजनाएं लाई और लागू की जाएगी।

# क्राईम मीटिंग में एसएसपी ने संतोषजनक कार्यवाही न करने वालों को लगायी फटकार

संवाददाता



टिहरी। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने क्राईम मीटिंग में जरूरी दिशा निर्देश देने के साथ ही सराहनीय कार्य करने वाले 26 कार्मिकों को इम्पलाई ऑफ द मंथ घोषित कर ईनाम दिया।

आज आयुष अग्रवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा पुलिस लाईन चम्बा में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन कर कार्मिकों की समस्याओं को सुना गया तथा उनका त्वरित निस्तारण करने के आदेश निर्गत किए गए। तत्पश्चात जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किए गए। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जनपद के सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा अपने-अपने क्षेत्र में निर्वाचन को प्रभावित करने वाली राजनैतिक गतिविधि /वैमनस्यता, पर नजर रखी जाए एवं निष्पक्ष और पारदर्शी रहते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों की पहचान कर ली जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में आपदा ग्रस्त/भूस्खलन क्षेत्र का चिन्ही करण कर लें और आपदा उपकरणों का भी निरीक्षण कर लें एवं एसडीआरएफ, ग्राम प्रहरियों के सम्पर्क में रहे। नफीस सिस्टम पर आरोपियों के लाईव अंगुष्ठ छाप लिये जाएं साथ ही अज्ञात शवों के भी फिंगर प्रिंट भी लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि मोटर वाहन अधिनियम एवं नशे के विरुद्द निराधात्मक कार्यवाही संतोष जनक न पाए जाने पर एसएसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कढ़ी फटकार लगाई गई। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशों के क्रम में मादक पदार्थों की विक्री करने वालों के विरुद्द एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाहियां बढ़ाने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। सीएम हैल्प लाईन पोर्टल, सीनियर सिटिजन पोर्टल अपनी सरकार पोर्टल, आदि पोर्टलों में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए एसएसपी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि समय से शिकायतों का निस्तारण कर लिया जाए। लंबित विवेचनाओं, जांचों, शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण एवं माननीय न्यायालय से निर्गत आदेशिकाओं के तामील किये जाने हेतु भी समुचित दिशा निर्देश निर्गत किये गये। मासिक अपराध गोष्ठी में जेआर जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल, श्रीमती ओशिन जोशी, सीओ टिहरी, महेश चन्द्र लखेड़ा पुलिस उपाधीक्षक चंबा, सीएफओ संजीवा कुमार एपीओ श्रीमती सीमा रानी, डीजीसी स्वराज पंवार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन चंबा, वाचक आदि सहित जनपद मुख्यालय के थाना प्रभारी/समस्थ शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# दीपक थापा के साथ मारपीट करने के मामले में किया थाने का घेराव

संवाददाता

देहरादून। पुलिस कर्मियों द्वारा सेना के जवान दीपक थापा के साथ मारपीट करने के विरोध में ग्रामीणों ने चकराता विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में थाने का घेराव किया। आज यहां सेना के जवान दीपक थापा के साथ नशे में धुत्त हो कर अमानवीय व बर्बरतापूर्वक तरीके से मारपीट करने वाले त्यूणी थाने के एसएचओ व अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ शासन व प्रशासन द्वारा उचित धाराओं में कानूनी कार्यवाई नहीं किये जाने पर विरोध प्रकट करने के लिये पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक चकराता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में स्थानीयजनों का त्यूणी थाने के घेराव किया गया।

# रिस्पना-बिंदल एलिवेटेड कॉरिडोर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता



देहरादून। देहरादून नागरिक मंच ने रिस्पना बिन्दाल एलिवेटेड कॉरिडोर पर संवाद आयोजित कर पारदर्शिता और पर्यावरण सम्बन्धी विवेक का आहवान किया।

आज यहां प्रस्तावित रिस्पना-बिंदल एलिवेटेड कॉरिडोर - 6250 करोड़ की अनुमानित लागत वाली एक विशाल अवसंरचना परियोजना-देहरादून के निवासियों में उत्सुकता और चिंता दोनों को आकर्षित कर रही है। राज्य सरकार द्वारा शहरी यातायात की भीड़भाड़ के लिए रामबाण और मसूरी के लिए शॉर्टकट के रूप में प्रचारित इस परियोजना में शहर भर में एलिवेटेड सड़कों का 26 किलोमीटर लंबा नेटवर्क बनाने की परिकल्पना की गई है, जो रिस्पना और बिंदल नदियों के नाजुक नदी तल पर बनाई जाएगी। औसतन 15 मीटर ऊंचे खंभों के साथ, कॉरिडोर शहर के क्षितिज और पारिस्थितिक तंत्र को स्थायी रूप से बदलने की धमकी देता है। बढ़ती जनरुचि और बेचैनी के जवाब में, देहरादून नागरिक मंच ने दून लाइब्रेरी में अपनी देहरादून डायलॉग्स श्रृंखला के तहत एक विशेष टाउन हॉल मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता जितेन्द्र त्रिपाठी ने विस्तृत तकनीकी प्रस्तुति दी, साथ ही सरकार की अधिकारिक परामर्शदात्री फर्म स्पेक्ट्रम के प्रतिनिधियों ने भी प्रस्तुति दी। इस तथ्य-खोज सत्र ने महत्वाकांक्षी एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना पर नागरिक-सरकार संवाद शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को चिह्नित किया। इस कार्यक्रम में नागरिकों के विविध वर्ग ने भाग लिया। इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक, पर्यावरणविद, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी सहित क्षेत्रों के पेशेवर शामिल हुए। देहरादून नागरिक मंच में देहरादून के 450 से अधिक चिंतित निवासी शामिल हैं, जो टिकाऊ और समावेशी शहरी विकास के लिए एक साझा दृष्टिकोण से एकजुट हैं। प्रस्तुति के बाद, मंच के सदस्यों ने सवाल-जवाब के एक स्पष्ट सत्र में भाग लिया। कई प्रतिभागियों ने परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक परिणामों के बारे में गंभीर चिंताएं जताईं। एक प्रमुख मांग यह थी कि सूचित नागरिक जुड़ाव की सुविधा के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए और संपूर्ण लागत-लाभ विश्लेषण की अनुमति दी जाए। जबकि एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना को रेखांकित करने वाले नीतिगत निर्णय सत्र के दायरे से बाहर रहे, मंच ने अधिकारियों से इस तरह के बड़े पैमाने पर बुनियादी ढाँचे की पहल के नियोजन चरण में नागरिकों की आवाज को शामिल करने का आग्रह करके संवाद का समापन किया। फोरम के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों की मुश्किलें कम करने के लिए बनाई गई शहरी योजनाओं को एक ही जगह पर नहीं बनाया जाना चाहिए और न ही उन्हें ऊपर से नीचे की ओर थोपा जाना चाहिए। कई प्रतिभागियों ने यह भी कहा कि रिस्पना और बिंदाल नदियों के पुनरुद्धार को कॉरिडोर परियोजना से अलग हटकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए, जिसमें पारिस्थितिकी और सामाजिक प्रभावों की व्यापक समझ हो। चूंकि प्रतिभागी बहुत आश्वस्त नहीं दिखे, इसलिए लोक निर्माण विभाग ने देहरादून नागरिक मंच से संवाद के समापन पर नागरिकों की प्रतिक्रिया को शामिल करते हुए एक समेकित नोट प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।

# आंदोलनकारी संयुक्त समिति की नैनीताल इकाई का पुनर्गठन

संवाददाता

देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति की नैनीताल इकाई का पुनर्गठन राजेन्द्र सिंह बिष्ट को अध्यक्ष नियुक्त किया।

आज यहां चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने नैनीताल जनपद समिति का पुनर्गठन कर दिया है। समिति के अध्यक्ष पद पर राजेंद्र सिंह बिष्ट को बहाल रखा गया है। जबकि उनके साथ हेमचंद्र पाठक और अयोध्या प्रसाद केसरवानी उपाध्यक्ष और भगवान जोशी और ज्योत्सना पांडे को महामंत्री और ब्रिजेश भट्ट को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि बरसातो के बाद नैनीताल में समिति का जिला स्तरीय सम्मेलन होगा। जिसमें राज्य आंदोलनकारी के सवालों को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण



संवाददाता

हरिद्वार। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने मंगलवार को जनपद हरिद्वार स्थित वेयर हाउस पहुंचकर त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में डबल लोक में रखी बीयू, सीयू, वीवीपैट का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गहनता से निरीक्षण किया और वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि अग्निशमन यंत्रों को एक्सपायर होने से पहले ही बदल दिया जाए। उन्होंने बरसात के दृष्टिगत ईवीएम को सीलन से बचाव तथा विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा- निर्देश दिये। ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर सभी दलों के प्रतिनिधियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, ईवीएम एवं वीवीपीएटी रूम, आगंतुक पंजिका, पुलिस निरीक्षण पंजिका, पॉवर सप्लाई, फायर फाइटिंग उपकरण, पुलिस कर्मियों की तैनाती, वेयर हाउस परिसर के चारों ओर सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं आदि का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, तसीलदार सचिन कुमार, चंद्रपाल जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, बिन्दर पाल मंडल अध्यक्ष बीजेपी, अनिल चौधरी जिलाध्यक्ष बसपा, अक्षय कुमार गौतम बसपा, एनएस सैनी बसपा आदि उपस्थित थे।

# नाबालिगों से काम कराने पर चार दुकानदारों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नाबालिगों से काम कराने पर चार दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम परिवर्तन अधिकारी अमित थपलियाल ने विकानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने विकासनगर में इस्लाम, पम्मी कुमार, गौरव जैन व निकित कुमार के संस्थानों पर छापा मारा तो वहां पर उन्होंने नाबालिगों को काम करते हुए देखा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होगा 3 दिवसीय योग शिविर

संवाददाता

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऋषि कल्प आश्रम द्वारा 19 से 21 जून तक वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट में योग शिविर का आयोजन किया जायेगा।

आज यहां मनमोहन शर्मा प्रवक्ता ऋषि कल्प आश्रम ने प्रेस वार्ता में संबोधित करते हुए कहा योगाचार्य एवम् आयुर्वेदाचार्य अरुण कुमार द्वारा 19 जून से 21 जून तक वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट चंद्रमणि में योग शिविर ऋषि कल्प आश्रम चंद्रमणि द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

मनमोहन शर्मा ने बताया कि योगाचार्य अचार्य अरुण कुमार ने कई सो योग शिविर लगाकर जन मानस को निशुल्क लाभ दिया है। इसी क्रम में तीन दिवसीय शिविर में आचार्य योग आचार्य एवम आयुर्वेदाचार्य अरुण कुमार द्वारा योग शिक्षा ली जाएगी। आचार्य अरुण कुमार संस्थापक ऋषि कल्प आश्रम ने प्रेस वार्ता में संबोधित करते हुए बताया कि हमने पूरे देश भर में कई सौ योग शिविर लगाकर जन मानस को नि:शुल्क लाभ दिय योग जीवन जीने की कला सिखाता है जो व्यक्ति प्रतिदिन योग करता है वह हमेशा स्वस्थ एवं निरोग रहता है। प्रवक्ता मनमोहन शर्मा द्वारा बताया गया कि आचार्य जी पूरे भारतवर्ष में योग शिविर का आयोजन करते हैं वह सभी को निशुल्क योग सिखाते है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मन मोहन शर्मा, लालचंद शर्मा, सोनू कुमार, पीयूष गौड़, उपस्थित थे।

# रेहडी पटरी एसोसिएशन ने दिये सुझाव



संवाददाता

हरिद्वार। भगत सिंह चौक से सेक्टर 2 बैरियल के तीसरे वेंडिंग जोन का निरीक्षण कर पुन: स्थापना की कार्रवाई को गतिमान करने के रेहड पटरी एसोसिएशन ने सुलझाव दिये।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में उत्तराखंड शासन नगरीय फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए तीसरे वेंडिंग जोन भगत सिंह चौक से सेक्टर 2 बैरियल तक 200 की क्षमता का वेंडिंग जोन को पुन व्यवस्थित में स्थापित किए जाने की कार्रवाई को गति प्रदान करते हुए पूर्व में 20 मई को फेरी समिति की बैठक के निर्णय के अनुसार नगर निगम प्रशासन सामान्य प्रशासन के उच्च पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से भगत सिंह चौक से सेक्टर 2 बैरियल के तीसरे वेंडिंग जोन का निरीक्षण कर पुन: स्थापना की कार्रवाई को गतिमान करते हुए लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा क्षेत्रीय पार्षद अनुज सिंह के द्वारा संयुक्त सुझाव पर क्षेत्र की जनता की समस्या लोक निर्माण विभाग के मानको के अनुरूप यातायात बाधित न हो सभी मानकों के दृष्टिगत पुणे भगत सिंह चौक के सेक्टर 2 बैरियल के वेंडिंग जोन के सभी लाभार्थियों को मूलभूत सुविधाओं के साथ संचालित किए जाने की करवाई आपसी सहमति के साथ किए जाने के निर्णय लिए।

इस अवसर पर लघु व्यापार संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में उत्तराखंड राज्य में सभी नगर निकाय द्वारा रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को व्यवस्थित व्यवस्थापित किए जाने की कार्रवाई गतिमान है उसी के स्वरूप हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए भगत सिंह चौक से सेक्टर 2 बैरल के तीसरे वेंडिंग जोन को नियम अनुसार पीडब्ल्यूडी सिंचाई विभाग प्रशासन पुलिस प्रशासन हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण सभी विभागों का समन्वयक स्थापित करते हुए पूर्व में 20 में को हुई फेरी समिति की बैठक के निर्णय का क्रियान्वयन किया जा रहा है जो कि नगर निगम प्रशासन की एक अच्छी सार्थक पहल है।

मौके पर सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा नगर आयुक्त नंदन कुमार के निर्देशन में सभी प्रशासनिक विभागों मानको के अनुरूप भगत सिंह चौक के सेक्टर 2 बैरियल के वेंडिंग जोन को मूलभूत सुविधाओं के साथ कड़े नियमों के साथ संचालन की अनुमति प्रदान की जाएगी। भगत सिंह चौक के सेक्टर 2 बैरियल के तीसरे वेंडिंग जोन के पुणे स्थापना की कार्रवाई में सम्मिलित हुए हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण पी डबल्यू डी पुलिस व सामान्य प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ फेरी समिति सदस्य राजकुमार ,कमल सिंह, सुमन गुप्ता ,आशा देवी ,तस्लीम अहमद, उमेश कुमार ,धर्मपाल सिंह ,आजम अंसारी, जमीन, हेमू शर्मा ,अभिषेक मित्तल, विजय, नम्रता सरकार, अभिनव कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# आनंदशाला के 20वें दिन बच्चों ने जाना ई कचरा प्रबंधन

संवाददाता

देहरादून। आनंदशाला के 20वें दिन देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं को ई कचरा प्रबंधन विषय की महत्वपर्ण जानकारी दी गई व इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी से सभी को अवगत करवाया।

आज यहां शैल कला एवं ग्रामीण विकास समिति के तत्वावधान में 25 दिवसीय आनंदशाला शिविर के 20,वें दिवस में शिविर विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान, कलम लेखन का कार्य करवाया गया। गुरुकुल कांगड़ी के शोधार्थी उज्ज्वल गुलिया द्वारा प्रशिक्षुओं को वेब डिजाईन की बारीकियों के विषय में जानकारी दी गई। यूपी. ई.एस. एवं देवभूमि के प्रशिक्षुओं ने छात्र- छात्राओं को प्रतिदिन की भांति विभिन्न विषयों पर जानकारी सांझा की। शिविर संयोजक स्वामी एस चंद्रा ने आगामी दिवस के लिए यूपी.ई.एस. एवं देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं के साथ चर्चा की साथ ही उत्तराखंड के पर्वतीय नृत्यों से सभी को परिचित करवाया। इस अवसर पर गति सोसायटी के सचिव नीरज उनियाल ने यू पी.ई.एस. एवं देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं को ई कचरा प्रबंधन विषय की महत्वपर्ण जानकारी दी गई।

# हेलीकॉप्टर हादसा सरकार की लापरवाही का परिणामः कांग्रेस

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि हेलीकाप्टर हादसा सरकार की लापरवाही का परिणाम है यह कोई प्राकृतिक त्रासदी नहीं है।

आज यहां कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि केदारनाथ में हुए हृदयविदारक हेलीकॉप्टर हादसे में सात श्रद्धालुओं की जान चली गई। इस घटना ने उत्तराखंड सरकार की व्यवस्थाओं और हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन की पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात यह है कि इस त्रासदी के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यह कह रहे हैं कि अब जाकर एक एसओपी तैयार करने के लिए समिति गठित की गई है। जब राज्य में वर्षों से बड़े पैमाने पर हेलीकॉप्टर सेवाएं संचालित हो रही हैं, चारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु आ-जा रहे हैं, तो यह एसओपी पहले क्यों नहीं बनी।

उन्होंने कहा कि बिना किसी मानक प्रक्रिया के लोगों की जान जोखिम में डालकर हवाई सेवाएं ऑपरेट करना क्या सीधा आपराधिक कृत्य नहीं है? इसी प्रकार, मुख्यमंत्री की 'सिंगल सेंट्रल कमांड' की अब की गई घोषणा यह सिद्ध करती है कि अब तक संचालन बेतरतीब, असंगठित और गैर-जिम्मेदाराना तरीके से किया जा रहा था। इसके साथ ही सामने आया है कि कुछ हवाई कंपनियां दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में पायलट्स को ट्रायल टेक ऑफ और लैंडिंग के बिना उड़ान भरने भेज रही हैं, जो यात्रियों की जान से सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि क्या सरकार को यह सब दिखाई नहीं देता था या जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। हद तो तब हो गई जब भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने मीडिया के सवाल पर तंज कसते हुए कहा अगर आपके पास दुर्घटनाएं रोकने की योजना है तो आप हेलीकॉप्टर उड़ाइए। यह न सिर्फ एक असंवेदनशील और अहंकारी बयान है, बल्कि दुर्घटना में मारे गए लोगों और उनके परिजनों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने कहा कि क्या अब पत्रकारों और जनता को भाजपा नेता सरकार भी चलाने और हेलीकॉप्टर भी उड़ाने को कहेंगे। मुख्यमंत्री यह स्पष्ट करें कि एसओपी अब तक क्यों नहीं बनी और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय की जाए। पांच बजे सुबह हेलीकॉप्टर उड़ान की अनुमति किसने दी, इसकी न्यायिक जांच हो। हेलीकॉप्टर संचालन से पहले पायलट्स के पर्वतीय ट्रायल अनिवार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि यूसीएडीए को एक प्रभावी, तकनीकी रूप से सक्षम, स्वतंत्र निगरानी संस्था के रूप में पुनर्गठित किया जाए। भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम को उनके शर्मनाक बयान पर पद से हटाया जाए और उनसे सार्वजनिक माफी मंगवाई जाए। सभी मृतकों के परिजनों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए। उत्तराखंड की जनता भाजपा सरकार की इन घातक विफलताओं को भूलेगी नहीं। यह हादसा कोई प्राकृतिक आपदा नहीं था, यह नीतिगत, व्यवस्थागत और राजनीतिक लापरवाही का परिणाम है।



# मिडी ड्रेस को स्टाइल करना है आसान, बस इन बातों का रखें ध्यान

मिडी ड्रेस एक ऐसा परिधान है, जो न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाता है। यह ड्रेस घुटनों से लेकर टखनों तक की लंबाई में होती है और इसे अलग-अलग अवसरों पर पहना जा सकता है।

इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी मिडी ड्रेस को और भी खास बना सकती हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं।

सही फुटवियर्स का चयन करें

मिडी ड्रेस के साथ सही फुटवियर्स पहनना बहुत जरूरी है। हील्स या फ्लैट्स, जो भी आप चुनें, वह आपकी ड्रेस के साथ मेल खाना चाहिए।

हील्स पहनने से आपका लुक ऊंचा और आकर्षक लगता है, जबकि फ्लैट्स आरामदायक होते हैं।

अगर आप रोजमर्रा की जिंदगी में पहन रही हैं तो फ्लैट्स बेहतर विकल्प हैं, लेकिन खास मौकों पर हील्स पहनकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं।

एक्सेसरीज का सही चयन करें

एक्सेसरीज आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं। अगर आपकी मिडी ड्रेस सादी है तो आप बड़े झुमके या लंबी चेन पहन सकती हैं, वहीं अगर आपकी ड्रेस पहले से ही भारी कढ़ाई वाली है तो हल्की एक्सेसरीज ही बेहतर रहेंगी।

इसके अलावा आप अपनी कलाई में घड़ी या कड़ा भी पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

एक्सेसरीज का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी ड्रेस के साथ मेल खाएं।

बेल्ट का उपयोग करें

बेल्ट का उपयोग करके आप अपनी मिडी ड्रेस को एक नया रूप दे सकती हैं।

अगर आपकी ड्रेस थोड़ी ढीली लग रही है तो कमर पर बेल्ट बांधकर उसे फिट दिखाएं। इससे आपकी शरीर की बनावट उभरकर आएगी और आप और भी आकर्षक दिखेंगी।

बेल्ट का चयन करते समय ध्यान रखें कि वह आपकी ड्रेस के रंग से मेल खाती हो।

इसके अलावा बेल्ट की चौड़ाई भी महत्वपूर्ण होती है, जो आपके लुक को और भी खास बना सकती है।

बालों के स्टाइल पर ध्यान दें

बालों के स्टाइल भी आपके पूरे लुक को प्रभावित करती है।

अगर आपकी मिडी ड्रेस सादी है तो खुले बाल या हल्के कर्ल्स आपके लुक को खास बनाएंगे, वहीं अगर आपकी ड्रेस पहले से ही भारी कढ़ाई वाली है तो साधारण सीधे बाल बांधना बेहतर रहेगा।

इस तरह आप इन सरल सुझावों की मदद से अपनी मिडी ड्रेस को आसानी से स्टाइल कर सकती हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं। (आरएनएस)

# इन 5 वॉकिंग एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से वजन घटाना होगा आसान

वजन घटाने के लिए जिम में पसीना बहाना जरूरी नहीं है। अगर आप रोजाना 30 मिनट के लिए टहलते हैं तो इससे भी वजन घट सकता है।

वॉकिंग से शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम हो सकती है और मांसपेशियों को ताकत मिल सकती है। इसके अलावा हड्डियों को मजबूती मिलती है और शरीर में लचीलापन आ सकता है।

आइए आज हम आपको पांच ऐसी वॉकिंग एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो वजन घटाने में मदद कर सकती हैं।



इनक्लाइन वॉकिंग

इनक्लाइन वॉकिंग करने से पैरों की मांसपेशियों पर जोर पड़ता है और इससे शरीर के निचले हिस्से की कसरत हो जाती है।

इसके अलावा इससे शरीर के ऊपरी हिस्से की मांसपेशियों को भी ताकत मिलती है। इसके साथ ही इनक्लाइन वॉकिंग करने से शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है।

हालांकि, अगर आपको इनक्लाइन वॉकिंग करने में कोई दिक्कत है तो आप ट्रेडमिल वॉकिंग कर सकते हैं।

बैकवर्ड वॉकिंग

बैकवर्ड वॉकिंग शरीर के पिछले हिस्से की मांसपेशियों को ताकत मिलती है और इससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होने लगती है।

इसके अलावा बैकवर्ड वॉकिंग करने से शरीर के कोर की कसरत हो जाती है, जिससे पेट की चर्बी कम होती है।

इसके साथ ही पीठ की मांसपेशियों को ताकत मिलती है और शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है।

वेटेड वॉकिंग

वेटेड वॉकिंग करने से शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होने लगती है और इससे मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं।

इसके अलावा वेटेड वॉकिंग करने से शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है। वजन के लिए आप पानी की बोतल या फिर डंबल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे वजन उठाने के साथ टहलना भी हो जाएगा।

इसके साथ ही आप अपने हाथों में वजन उठाने के लिए डंबल या कांच की बोतलों की बजाय प्लास्टिक की बोतलें चुनें।

ब्रिस्क वॉकिंग

अगर आप रोजाना 30 मिनट के लिए ब्रिस्क वॉकिंग करते हैं तो इससे भी वजन घट सकता है।

दरअसल, ब्रिस्क वॉकिंग करने से चलने पर शरीर की मांसपेशियों पर जोर पड़ता है और इससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होने लगती है।


इसके अलावा इससे शरीर के कोर की कसरत भी हो जाती है, जिससे पेट की चर्बी कम होती है। इसके साथ ही इससे शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है।

वॉकिंग एंड स्क्वाट्स सेट

वॉकिंग एंड स्क्वाट्स सेट एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होने लगती है और मांसपेशियों को ताकत मिलती है।

इसके अलावा इससे शरीर के कोर की कसरत भी हो जाती है, जिससे पेट की चर्बी कम होती है।

इसके साथ ही इससे शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है। आप चाहें तो रोजाना 10 मिनट के लिए वॉकिंग एंड स्क्वाट्स सेट कर सकते हैं। इससे वजन घटाना आसान हो सकता है।



## शब्द सामर्थ्य -73


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# विक्रांत मैसी और शनाया की फिल्म का टीजर जारी

विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म आंखों की गुस्ताखियां' का टीजर रिलीज हो गया है जिसमें एक अनोखी रोमांटिक कहानी की झलक देखने को मिल रही है। टीजर में दिखाया गया है कि कैसे दो अनजान लोग अचानक मिलते हैं और उनके बीच एक कनेक्शन बनता है, जो बिना बोले समझने और महसूस करने की भाषा बोलता है। ये कहानी है प्यार की उस मासूमियत की, जो संगीत के जरिए खिल उठती है और फिर अनजाने रास्तों से जुदाई की ओर बढ़ती है। विक्रांत और शानाया की केमिस्ट्री इस फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण है, जहां उनके बीच की नजाकत, खामोशी और भावनाओं को बड़ी खूबसूरती से दर्शाया गया है।

अनिल कपूर की भतीजी और संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर इस फिल्म से अपना डेब्यू कर रही हैं। फिल्म में मुख्य रूप से एक ऐसा प्रेम दिखाया गया है जो अचानक होता है, लेकिन गहरा असर छोड़ जाता है। यह कहानी केवल रोमांस तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जीवन के वो पहलू भी शामिल हैं जहां व्यक्ति अपनी पसंद और फैसलों के चलते अपनी प्रेमिका से अलग हो जाता है। विक्रांत मैसी इस बार एक संवेदनशील और इमोशनल किरदार में नजर आएंगे, वहीं शानाया कपूर अपनी पहली फिल्म में अपनी प्रभावशाली अभिनय से सबका दिल जीतने के मकसद से आ रही हैं।



फिल्म की खासियत है इसका शानदार संगीत और विजुअल एस्थेटिक्स। विशाल मिश्रा के संगीत ने इस कहानी को और भी गहराई दी है, जो दर्शकों को पूरी तरह फिल्म की दुनिया में ले जाता है। संगीत की मधुरता और भावनात्मकता इस फिल्म का दिल है, जो कहानी के हर मोड़ को और भी जीवंत बनाता है। आंखों की गुस्ताखियां का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है, जिन्होंने इस प्रेम कहानी को बखूबी पर्दे पर उतारा है। फिल्म का प्रोडक्शन मंसी बागला और वरुण बागला ने किया है, और इसे जी स्टूडियोज और मिनी फिल्म्स के बैनर तले प्रस्तुत किया गया है।

ये फिल्म 11 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता का माहौल बना चुकी है। आंखों की गुस्ताखियां उन लोगों के लिए एक खूबसूरत अनुभव साबित होगी जो सच्चे प्यार की मासूमियत, संगीत की मिठास और जुदाई के दर्द को महसूस करना चाहते हैं। इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में एक नई रोमांटिक डायनामीक्स देखने को मिलेगी, जहां शब्द कम और भावनाएं ज्यादा कहती हैं। विक्रांत और शानाया का ऑनस्क्रीन डेब्यू दर्शकों को एक गहराई से भरा, दिल को छू लेने वाला सफर दिखाएगा, जो लंबे समय तक याद रहेगा।

# प्रियंका चोपड़ा की हेड्स ऑफ स्टेट में एक्शन संग कॉमेडी का लगा तड़का

प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग एक्शन-कॉमेडी हेड्स ऑफ स्टेट का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर शानदार है और प्रियंका ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं, ट्रेलर देखते ही फैंस पहले से ही एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट के रूप में प्रियंका चोपड़ा जोनास की जबरदस्त परफॉर्मेंस की तारीफ कर रहे हैं। इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ काम करते हुए, चोपड़ा इल्या नाइशुलर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एक अहम किरदार निभा रही हैं।

2 मिनट 46 सेकंड के ट्रेलर में यूके के प्रधानमंत्री सैम क्लार्क (एल्बा) और यूएस के राष्ट्रपति विल डेरिंगर (सीना) को इंट्रोड्यूस किया गया है जो एक मुसीबत में फंस गए हैं। जब एक विदेशी दुश्मन उन्हें निशाना बनाता है, तो दोनों नेता सेना में शामिल होने के लिए मजबूर हो जाते हैं। रूड्ड6 एजेंट नोएल बिसेट (प्रियंका) की एंट्री होती है, जिसका मिशन उनकी रक्षा करना और एक ऐसी साजिश को रोकने में मदद करना है जो विश्व में अशांति फैला सकती है।

पैडी कॉन्सिडाइन, कार्ला गुगिनो, जैक क्वैड, स्टीफन रूट और साराह नाइल्स के लीड रोल वाली इस फिल्म में 90 के दशक की कॉमेडी फिल्मों की याद दिलाने वाले हाई-स्टेक एक्शन और मजेदार वन-लाइनर्स शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फैंस की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस की तारीफ कर रहे हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक यूजर ने लिखा, प्रियंका चोपड़ा जोनास, बहुत गर्व है, बहुत उत्साहित हूं, मैं इंतजार नहीं कर सकता। कई लोगों ने यह भी कहा कि इस ट्रेलर ने क्वांटिको के दिनों की याद दिला दी। फैंस ने प्रियंका को क्वीन करार दिया और कहा कि प्रियंका ने वाकई शानदार परफॉर्म किया है।

प्रियंका चोपड़ा, जॉन सीना और इदरिस एल्बा स्टारर एक्शन कॉमेडी 2 जुलाई को प्राइम वीडियो पर वर्ल्डवाइड स्ट्रीम होगी। प्रियंका चोपड़ा ने ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, कीप काम एंड कैरी ऑन, हेड ऑफ स्टेट 2 जुलाई को आ रही है।

# सोनाक्षी सिन्हा की अश्विनी अय्यर तिवारी की फिल्म में एंट्री



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछले साल रितेश देशमुख संग फिल्म काकुड़ा में दिखी थीं। एक ओर जहां वह फिल्म निकिता रॉय को लेकर चर्चा में हैं, वहीं अब उनकी नई फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है।

खबर है कि सोनाक्षी निर्देशक अश्विन अय्यर तिवारी की अगली फिल्म में नजर आने वाली हैं। हालांकि, यह फिल्म काफी समय से चर्चा में थी, लेकिन इससे जुड़ीं कुछ खास जानकारियां सामने नहीं आई थीं।

आइए जानें फिल्म पर क्या है नया अपडेट।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोनाक्षी और ज्योतिका इस फिल्म में मुख्य भूमिका में होंगी। यह पहला मौका होगा, जब दोनों अभिनेत्रियां पर्दे पर साथ दिखेंगी। खास बात यह है कि फिल्म में उनके बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी।

पिछले 2 साल से चर्चा में बनी हुई इस फिल्म के कलाकार अब जाकर फाइनल हुए हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। इस कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म में सोनाक्षी और ज्योतिका एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी।

ये वही फिल्म है, जिसमें पहले करीना कपूर और कियारा आडवाणी को कास्ट किया गया था, लेकिन कुछ कारणों से इन दोनों अभिनेत्रियों के साथ बात नहीं बन पाई, जिसके बाद फिल्म में सोनाक्षी और ज्योतिका को साइन किया गया।

इस साल की शुरुआत में अश्विन ने इस फिल्म पर नए सिरे से काम करना शुरू किया। पिछले हफ्ते ही फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

सोनाक्षी और ज्योतिका दोनों ही फिल्म में वकील की भूमिका निभाने वाली हैं।

फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट और हरमन बावेजा की प्रोडक्शन कंपनी बावेजा स्टूडियो के बैनर तले बन रही इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है।

एक कानूनी मामले के इर्द-गिर्द बुनी गई इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक खत्म हो जाएगी।

फिल्म में सोनाक्षी और ज्योतिका दोनों का किरदार दमदार होगा। इस महिला प्रधान फिल्म का कहानी सामान्य कोर्ट रूम ड्रामा फिल्मों की तरह नहीं है।

फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी।

सोनाक्षी जल्द ही मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय में नजर आएंगी, जिसके निर्देशक उनके भाई कुश सिन्हा हैं। यह फिल्म 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। परेश रावल और अर्जुन रामपाल भी इसका हिस्सा हैं।

उधर सोनाक्षी अपनी पहली तेलुगू फिल्म जटाधारा ला रही हैं, वहीं उनकी वेब सीरीज हीरामंडी 2 और दहाड़ 2 कतार में हैं।

बता दें कि पिछली बार सीरीज डब्बा कार्टेल में दिखीं ज्योतिका की नई फिल्म या सीरीज का ऐलान अभी नहीं हुआ है।

# रेड टॉप और मिनी स्कर्ट में अवनीत कौर का डांस वीडियो वायरल



सोशल मीडिया सेंसेशन और एक्ट्रेस अवनीत कौर ने एक बार फिर अपने डांस वीडियो से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। अवनीत ने इंस्टाग्राम पर एक नया रील शेयर किया है जिसमें वह रेड डीप नेक टॉप और ब्राउन लेदर मिनी स्कर्ट में जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में उनके डांस मूव्स और एक्सप्रेशन्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है। अवनीत का यह वीडियो कुछ ही घंटों में 1.4 लाख से ज्यादा लाइक्स बटोर चुका है और इस पर लगातार कमेंट्स आ रहे हैं। किसी ने उन्हें हमेश की तरह अद्भुत कहा तो किसी ने लिखा आपके डांस मूव्स बहुत अच्छे हैं। वहीं कई फैंस ने फायर और हार्ट इमोजी के साथ उनकी तारीफ की है।

अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने ग्लैमरस लुक्स और डांस वीडियोज़ से फैंस का दिल जीत लेती हैं। उनका यह नया लुक भी फैशन और स्टाइल के मामले में काफी ट्रेंडी नजर आ रहा है। गले में मल्टी लेयर नेकलेस, ओपन हेयर और सिंपल मेकअप के साथ उनका ये लुक इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। अवनीत की यह रील यह साबित करती है कि वह सिर्फ एक एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि एक शानदार डांसर और स्टाइल ट्रेंडसेटर भी हैं। उनका यह वीडियो फैंस के बीच खूब पसंद किया जा रहा है और उनके कमेंट्स से यह साफ है कि लोग अवनीत के हर नए पोस्ट का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं।

# लैब-टू-लैंड के मंत्र को साकार करेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

शिवराज सिंह चौहान

प्रधानमंत्री ी नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय कृषि निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है द्य उनकी दूरदर्शी सोच और किसान कल्याण को समर्पित ऐतिहासिक निर्णयों ने हमारे किसान भाइयों-बहनों को समृद्ध व सशक्त बनाया है, साथ ही विकसित भारत' के विराट संकल्प को नई मजबूती दी है। आज हमारे अन्नदाता न केवल देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि विश्व के कई देशों में खाद्यान्न निर्यात करके भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। कृषि विकसित और किसान आत्मनिर्भर बनें, लैब में होने वाले शोध सही समय में खेतों तक पहुंचे, इसी लक्ष्य को लेकर हम राज्यों के साथ मिलकर एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं।

देश की समृद्धि का आधार कृषि और किसान हैं। हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने अनेक शोध किए है द्य कृषि वैज्ञानिक नई तकनीक, उन्नत बीज, खाद इत्यादि से कम लागत पर फसल उत्पादन बढ़ाने के काम में जुटे हुए है। हमारे वैज्ञानिकों के शोध किसानों तक सही समय (रियल टाइम) पर पहुंचे, उन्हें जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, मिट्टी के पोषक तत्वों, उर्वरकों की सही मात्रा सहित कृषि के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से देश के 700 से अधिक जिलों के लगभग 65



हजार गांवों में वैज्ञानिकों की 2170 टीमें पहुंचेगी। इस दौरान लगभग 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद किया जाएगा।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि को विकसित बनाना और किसानों का जीवन बदलना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कोई कर्मकांड नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में समृद्धि लाने का महायज्ञ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्यों के कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय, नवाचार से जुड़े संस्थान सभी एकजुट होकर, एक टीम के रूप में विकसित कृषि और समृद्ध किसान के लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। यह अभियान प्रधानमंत्री जी के लैब टू लैंड के मंत्र को साकार कर किसानों की तकदीर और भारतीय कृषि की तस्वीर बदलेगा। वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे और लैब में होने वाली रिसर्च की जानकारी किसानों को देंगे। साथ ही, किसानों के अनुभवों से भी सीखकर कृषि अनुसंधान को व्यवहारिक बनाएंगे द्य हमारे विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रयासों और किसानों के अथक परिश्रम से, एक हेक्टेयर में एक क्विंटल भी उत्पादन बढ़ता है तो देशभर में 20 टन खाद्यान उत्पादन बढ़ाने में हम यह सफल होंगे।

कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसी पर निर्भर है। यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत का योगदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेज़ी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, जिसमें विकसित खेती और समृद्ध किसान का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीते 11 वर्षों में किसानों को सशक्त करने के लिए सरकार ने बीज से बाजार तक हर वो फैसला लिया है, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। हाल ही में लिए गए निर्णय जैसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी हो या प्याज और चावल से निर्यात शुल्क को हटाना, फसलों की जलवायु अनुकूल और अधिक उपज वाली किस्मों के विकास से लेकर किसान हितैषी योजनाओं के विस्तार तक मोदी सरकार की प्राथमिकता में सदैव किसान कल्याण रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में छलांग लगाई है। कृषि उत्पादन को देखे तो इसमें ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन के 3309 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है। खरीफ चावल 1206 लाख टन, गेहूं 1154 लाख टन और सोयाबीन 151 लाख टन के साथ रिकॉर्ड स्तर पर हैं। सोयाबीन की उत्पादकता 985 किलो प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 1169 किलो प्रति हेक्टेयर हो गई है। बागवानी क्षेत्र में भी उत्पादन 3621 लाख टन तक पहुँचने का अनुमान है। ये उपलब्धियाँ दर्शाती हैं कि हमारे किसानों की मेहनत, वैज्ञानिकों की शोधपरक क्षमता और मोदी सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियाँ मिलकर कृषि क्षेत्र को नित-नई ऊँचाइयों पर ले जा रही हैं।

व्यापक विजन, समग्र सोच, स्पष्ट नीति और नेक इरादों के साथ किसानों की आय बढ़े, उनके पसीने का उचित मूल्यांकन हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें, इसके लिए केंद्र सरकार ने 6 सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत घटाने, उत्पादन के ठीक दाम देने, प्राकृतिक आपदा में राहत की ठीक राशि देने, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहा है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों के जीवन को बेहतर बनाने का एक महाभियान है द्य मेरी किसान भाइयों-बहनों से अपील है कि आप सभी इस महअभियान से जुड़े, इस कार्यक्रम का लाभ उठाए द्य वैज्ञानिकों द्वारा दी गई सलाह को मानकर अपनी कृषि को उन्नत करे। उत्पादन बढ़े, लागत घटे और किसानों को लाभ हो, इसी उद्देश्य के साथ विकसित कृषि का यह महायज्ञ है, जो विकसित भारत का आधार बनेगा।

(लेखक भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री है)

## सू- दोकू क्र.73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.72 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए शुरू हो राष्ट्रीय मिशन

जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठन समर्पण सोसाइटी फॉर हेल्थ रिसर्च एंड डेवलपमेंट देहरादून का कहना है कि बाल अधिकारों के मोर्चे पर जिला प्रशासन व नागरिक समाज में जो सजगता व समन्वय दिख रहा है, उससे यह विश्वास जगता है कि हम जल्द ही बाल श्रम मुक्त देहरादून का सपना साकार होते देखेंगे। संगठन ने कहा कि पिछले एक साल में जिला प्रशासन के सहयोग से उसने जिले में बाल श्रम के खिलाफ 60 छापामार अभियान चलाए और इस दौरान 116 बच्चों को मुक्त कराया। जिले में इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बाल मजदूरी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया और इसके खात्मे का संकल्प लिया गया। इस दौरान बाल मजदूरी के पूरी तरह खात्मे के लिए राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन मिशन शुरू करने, इसके लिए पर्याप्त संसाधनों का आवंटन और जिलों में जिला स्तरीय चाइल्ड लेबर टास्क फोर्स के गठन की मांग की।

समर्पण सोसाइटी फॉर हेल्थ रिसर्च एंड डेवलपमेंट देहरादून देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के नागरिक समाज के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठन देश के 418 जिलों में जमीन पर बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बच्चों की ट्रैफिकिंग के खिलाफ काम कर रहे हैं। जेआरसी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कानूनी हस्तक्षेप कार्यक्रम 'न्याय तक पहुंच' के जरिए पिछले दो वर्षों में 85,000 से ज्यादा बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया है और 54,000 से ज्यादा मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू की।

समर्पण सोसाइटी फॉर हेल्थ रिसर्च एंड डेवलपमेंट देहरादून के अध्यक्ष विपिन पंवार ने रिपोर्ट के हवाले से कहा, बाल श्रम के खात्मे की दिशा में दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है और इसका श्रेय राज्य सरकार और जिला प्रशासन की सतर्कता और संवेदनशीलता को जाता है। उन्होंने बाल श्रम के खात्मे के लिए समग्र नीतिगत बदलावों, सरकारी खरीदों में बाल श्रम का इस्तेमाल कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, 18 साल तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा, पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष की स्थापना, खतरनाक उद्योगों की सूची में विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने, बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समयसीमा को 2030 तक बढ़ाने, दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## महिलाओं की मजबूत भूमिकाएं दिखाती फिल्मों में काम किया : मानसी पारेख



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री मानसी पारेख अपनी आने वाली गुजराती डार्क कॉमेडी थ्रिलर शुभचिंतक को लेकर चर्चा में हैं। वह इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने रीजनल सिनेमा के बदलते स्वरूप के बारे में बात की। उनका मानना है कि उन्होंने ऐसी फिल्मों में काम किया है जो महिलाओं की मजबूत भूमिकाएं दिखाती हैं और इस तरह उन्होंने गुजराती सिनेमा का स्तर ऊंचा उठाने में योगदान दिया है।

अपनी नई फिल्म शुभचिंतक में अपने किरदार को लेकर बात करते हुए मानसी ने कहा कि उन्होंने अब तक कई तरह के अलग-अलग किरदार निभाए हैं।मानसी ने कहा, कच्छ एक्सप्रेस में मैंने एक बहुत सीधी-सादी और शांत स्वभाव वाली पत्नी का किरदार निभाया था। झमकुड़ी में मैं चुड़ैल बनी थी जो गांव में डर फैलाती है। डियर फादर में मैंने एक जिद्दी बहू का किरदार निभाया था, जो अपने ससुर की बातों को नहीं मानती।

लेकिन शुभचिंतक में मेरा किरदार पहले से बिल्कुल अलग है। इसमें मैं एक ऐसी लड़की बनी हूं जो अपने भाई की मौत का बदला लेने के लिए एक अमीर लड़के को प्यार के जाल में फंसाती है। मैंने अब तक जितने भी किरदार निभाए हैं, वे सब एक-दूसरे से अलग थे, लेकिन ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं किया।उन्होंने बताया कि इस फिल्म में उन्होंने कई ऐसे एक्शन सीन किए हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं किए थे। एक्ट्रेस ने कहा, यह किरदार मेरे लिए एक कलाकार के तौर पर नई चुनौती थी। मेघना का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत खास और शानदार अनुभव रहा, और मैं इस मौके के लिए बहुत आभारी हूं।रीजनल सिनेमा के बदलाव को लेकर मानसी ने कहा, अब ज्यादा से ज्यादा लोग क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्में देख रहे हैं। गुजराती सिनेमा में भी कई नई फिल्में बन रही हैं। मुझे लगता है कि मेरा योगदान ये रहा है कि मैंने ऐसी फिल्में चुनीं जिनमें महिलाएं मुख्य और मजबूत किरदार निभाएं। मैंने कोशिश की है कि औरतों को केंद्र में रखकर अच्छी कहानियां बनाई जाएं।उन्होंने आगे कहा कि पहले फिल्मों में महिलाओं को ज्यादा अच्छी भूमिकाएं नहीं मिलती थीं। आज भी कुछ दिक्कतें हैं, लेकिन वह चाहती हैं कि औरतों को मजबूत और अहम किरदार मिलें, इसलिए वह ऐसी फिल्में चुनती हैं जिनमें महिलाओं का किरदार सबसे ज्यादा मायने रखता हो।(आरएनएस)



# मंत्री ने की लखपति दीदी योजना और हाउस ऑफ हिमालया की समीक्षा

संवाददाता

देहरादून। ग्राम विकास मंत्री गणेश जोशी ने लखपति दीदी योजना और हाउस ऑफ हिमालय की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये।

आज यहां ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने लखपति दीदी योजना और हाउस ऑफ हिमालय की समीक्षा की। ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए महिलाओं को सशक्त करना आवश्यक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना से यह कार्य लखपति दीदी योजना के तहत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में लखपति दीदी बनाने का काम लगातार जारी है। 1.65 लाख के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है और 1.50 लाख और बनाया जाएगा। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण भी दिये जाने के कार्य को प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिये। मंत्री ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्गो पर अब तक कुल 164 आउटलेट खोले जा चुके हैं। ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा कि आदि कैलाश रुट पर भी आउटलेट खोलने की कार्यवाही अतिशीघ्र पूर्ण की जाए। हाउस ऑफ हिमालया के तहत विपणन को गति दिये जाने के लिए ग्राम्य विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्ट स्थापना के लिए मसूरी, नैनीताल एवं नई दिल्ली के प्रसिद्ध होटलों में वार्ता की जाए ताकि उत्तराखण्ड के उत्पाद का स्वाद देश-विदेश को मिल सके। बैठक में अपर सचिव झरना कमठान तथा अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप पाण्डे उपस्थित रहे।

## ट्रक की चपेट में आकर कार सवार परिवार घायल

संवाददाता

देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर कार सवार परिवार घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीरगिरी वाली राजपुर निवासी तेजनिंग थारपा अपनी पत्नी चोईतेन लुयो व बेटे तेंजिन गम्की के साथ अपनी कार से सहसपुर से घर की तरफ आ रहे थे जब वह तिमली धर्मावाला के पास पहुंचे तभी एक ट्रक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल के भाई लोभसंग चोपेल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मकान का ताला तोड जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुजांपुरी कालोनी निवासी सूर्य प्रकाश ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। दो दिन बाद आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पडा हुआ था। चोरों ने अलमारी का ताला तोड वहां से जेवरात व 18 हजार रूपये नगद चोरी कर लिये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एटीएम में चोरी का प्रयास, तोडफोड

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने एटीएम में चोरी में चोरी करने से विफल होने पर तोडफोड कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएनबी शिमला बाईपास रोड शाखा के चन्द्रभान सिंह मीणा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके बैंक का एक एटीएम आईएसबीटी के पास है। आज जब बैंक के कर्मचारी सुबह एटीएम में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एटीएम मशीन के साथ तोडफोड कर उसको क्षतिग्रस्त किया हुआ था। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी ने एटीएम में चोरी का प्रयास किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस ने आयोजित की बॉर्डर मीटिंग

संवाददाता

हरिद्वार। कांवड मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों बॉर्डन मीटिंग आयोजित कर कई निर्णय लिये गये।



आज यहां आगामी श्रावण मास कांवड़ मेला 2025 के सफल सुरक्षित एवं सुचारु संचालन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर रसिया बड़ गेस्ट हाउस में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के सरहदी जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। हरिद्वार से एसपी ट्रैफिक जितेंद्र मेहरा, क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक संजय चौहान, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, टीआई हितेश कुमार एवं संदीप नेगी, एसएचओ खानपुर रविन्द्र शाह, एसओ श्यामपुर नितेश शर्मा, एसएसआई श्यामपुर मनोज रावत, एसएसआई लक्सर मनोज गैरोला तथा चौकी प्रभारी लालढांग गगन मैठानी उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश की ओर से एसपी सिटी बिजनौर संजीव वाजपेयी, क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक बिजनौर नितेश प्रताप, एसएचओ नजीबाबाद धीरज सोलंकी, थानाध्यक्ष मंडावली राम प्रताप एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर बिजनौर प्रमोद सहित अन्य अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में निम्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। हैवी ट्रैफिक की आवाजाही के समय निर्धारण एवं ट्रैफिक डायवर्जन प्लान मुरादाबाद, अमरोहा, रुद्रपुर सहित अन्य जनपदों से समन्वय स्थापित करने हेतु अलग बैठकें आयोजित करने का निर्णय बॉर्डर चेकिंग को सुदृढ़ करने के उपाय, कांवड़ यात्रियों की सुविधा हेतु आवश्यक बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का रोडमैप, आकस्मिक परिस्थितियों में वायरलेस संचार माध्यम से त्वरित समन्वय व्यवस्था आपसी सूचनाओं एवं गोपनीय जानकारियों का सुरक्षित आदान-प्रदान करने। बैठक के उपरांत बार्डर जनपद बिजनौर से आये अधिकारीगणों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदा किया गया।

# बंद मकान में चोरों का धावा, लाखों के जेवरात और नगदी साफ

हमारे संवाददाता







हरिद्वार। बंद मकान मे धावा बोलते हुए चोरों ने लाखों के जेवरात व हजारों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को डिफेंस कॉलोनी निवासी विकास कुमार त्यागी पुत्र बेनी प्रसाद में तहरीर देकर बताया कि वह पिछले दो दिन से अपने गांव गए हुए थे घर में कोई भी नहीं था। आज सुबह उनके पड़ोस में रहने वाले कुलदीप त्यागी ने उनके घर का गेट खुला देखा तो फोन कर उन्हें जानकारी दी साथ ही 112 पर भी कॉल किया। मौके पर पुलिस ने आकर देखा तो पूरे घर का सामान बिखरा हुआ था। वहीं मामले की जानकारी पाकर अपने आवास पहुंचे विकास त्यागी ने सामान देखा तो उन्हें अपने घर से करीब साठ से सत्तर हजार की नकदी और लाखों के जेवरात गायब मिले। उनके द्वारा पुलिस को तहरीर देकर मामले में कारवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जांच के दौरान पुलिस को पास लगे सीसीटीवी में दो संदिग्ध बाईक सवार भी नजर आए। जिनकी तलाश की जा रही है।

# तीन लाख की अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंह नगर। नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से तीन लाख की अफीम बरामद की गयी है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मणिकांत मिश्रा ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और थाना पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक शातिर अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 1 किलो से अधिक अफीम और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3 लाख रूपये आंकी गई है।

बताया कि बीती रात नशा तस्करी की एक सूचना के बाद एंटी नारकोटिक्स फोर्स व थाना पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना पुलभट्टा क्षेत्र के नदेली रोड, पुलिया बरी कट के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान, दानिश खान पुत्र लल्ला खान, निवासी कटैय्या इस्लाम नगर, थाना जहानाबाद, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश को रोका गया। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके कब्जे से 1 किलो से अधिक अफीम बरामद हुई। पूछताछ में दानिश खान ने बताया कि वह बरामद अफीम को आजम खान निवासी टांडा पीलीभीत से लाया था। बहरहाल पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# आईएसबीटी की दीवारों पर उकेरे जाएंगे बद्रीनाथ धाम के चित्र



विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट बैठक में तीन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सहमति की मोहर लगा दी गई। जिसमें पशुपालन विभाग सृजित पदों के प्रशिक्षण की अवधि को 2 साल से घटकर 1 साल किए जाने का फैसला भी शामिल है।

सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी पत्रकारों को देते हुए महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि आज की बैठक में केवल तीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई जिसमें सहकारिता विभाग में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर ऑडिट करने का फैसला किया गया तथा इसके लिए सहकारिता विभाग में उपनिबंधक ऑडिट लेवल का एक पद सृजित किया जाएगा जो जिला एवं

### ❑कैबिनेट बैठक में लिए गए तीन फैसले

ब्लॉक स्तर पर सहकारिता विभाग के वित्तीय लेनदेन का ऑडिट करेगा।

इसके अलावा आज की बैठक में बद्रीनाथ में चल रहे मास्टर प्लान के तहत आईएसबीटी की दीवारों पर बद्रीनाथ धाम से संबंधित चित्रों यानी की मुनियर्ल वर्क करने को भी मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा तीसरा फैसला पशुपालन विभाग में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को दी जाने वाली 90 फीसदी सब्सिडी के साथ डेयरी विभाग में गंगा राज योजना को मर्ज करने का फैसला लिया गया है लेकिन सब्सिडी अभी तय नहीं की गई है सब्सिडी की सीमा आगामी कैबिनेट बैठक में तय की जाएगी। उधर पशुपालन विभाग में पशुधन प्रसार अधिकारी के 429 सृजित पदों पर भर्ती प्रक्रिया में प्रशिक्षण की अवधि को 2 साल से घटकर 1 साल करने पर कैबिनेट ने मंजूरी की मोहर लगा दी है।

# पटाखा फैक्ट्री में लगी आग

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पटाखों की फैक्ट्री में आज सुबह अचानक आग लगने से अफरा तफरी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर सर्विस मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किये गये तथा घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में आकर कई कर्मचारियों के घायल होने की बात कही जा रही है वहीं कुछ पशुओं के भी मारे जाने की सूचना है। वहीं पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी हुई है।



मामला बहादराबाद थाना क्षेत्र के मूल दासपुर माजरा गांव का है। जानकारी के अनुसार यहां एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी देर तक वहां से धमाकों की आवाजें आती रहीं। वहीं आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री के अंदर कुछ कर्मचारी भी मौजूद थे जो घायल हुए है। वही स्थानीय लोगों के अनुसार फैक्ट्री परिसर में कुछ पशु बंधे हुए थे जो आग में जल गए।

बताया जा रहा है कि बहादराबाद थाना क्षेत्र के मूलदासपुर माजरा में एक पटाखा फैक्ट्री संचालित हो रही थी। फैक्ट्री में लगातार पटाखों का निर्माण कार्य चल रहा था। आज सुबह अचानक फैक्ट्री में आग लग गई। काम कर रहे कमर्चारियों ने पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया फिर जान बचाकर बाहर की ओर भागे। धमाकों की आवाज सुनकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। वहीं सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के प्रयास शुरू किये तथा कई घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पायां। वहीं हादसे के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने भी मौके का मुआयना किया। बताया गया है कि इस हादसे में दीप चंद्र और रोमी घायल हुए हैं।

# बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा कर जाम लगाने वालों पर कार्रवाई

### ❑27 टेम्पो, ई रिक्शा सीज, 36 वाहन चालकों के काटे चालान

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा कर जाम लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करत हुए पुलिस ने जंहर 27 टेम्पो व ई रिक्शा सीज किये है वहीं 36 वाहन चालकों के चालान भी काटे गये है।

चार धाम यात्रा के मद्देनजर कोतवाली नगर पुलिस द्वारा भीमगौडा बैरियर के पास टैम्पो/ई-रिक्शा/पैडल रिक्शा/चार पहिया/दो पहिया वाहन बेतरतीब ढंग से खडा कर जाम की स्थिति बनाने व यात्रियों एंव आम जनमानस को परेशानी पहुंचाने संबंधी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना स्तर पर अलग अलग टीमें गठित कर विशेष अभियान चलाया गया। जिनके द्वारा भीमगौडा बैरियर से लेकर खडखडी, सप्तऋषि तक जो भी टैम्पो/ई-रिक्शा/पैडल रिक्शा/चार पहिया/दो पहिया वाहन यातायात नियमो का उल्लंघन करने व बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा होना पाये जाने पर कुल 27 टैम्पो/ई-रिक्शा को सीज किया गया एवं 36 वाहनो के चालको का मौके पर ही अन्तर्गत धारा-एमवी एक्ट के तहत चालान कर 19500/-रुपये संयोजन शुल्क जुर्माना वसूला गया है।

# चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्षय शर्मा पुत्र गुरु प्रसाद शर्मा निवासी रानीपोखरी चौक थाना रानीपोखरी देहरादून द्वारा थाना रानीपोखरी पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि होटल फूड स्वैग भोगपुर से किसी के द्वारा उसका ओप्पो मोबाईल फोन चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना के खुलासे तथा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिये। जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों से संदिग्धों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारियां



एकत्रित की गई। संदिग्धों के प्राप्त हुलिये के सम्बन्ध में सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय तंत्र को भी सक्रिय किया गया। इसके साथ ही पूर्व में इस प्रकार के घटनाओं में जेल गये आरोपियों की वर्तमान स्थिती का भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर एयरपोर्ट तिराहे की तरफ जाखन नदी पुल के पास से आलोक पुत्र प्रेम सिंह गुंसाई को मय चोरी हुये ओप्पो मोबाईल फोन (कीमत लगभग-22000 रुपये) के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसके द्वारा बताया गया कि वो नशे का आदी है तथा अपने नशे की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये उसके द्वारा उक्त मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। वह उक्त चोरी के मोबाइल को बेचने की फिराक में था। किन्तु पुलिस की सख्ती के चलते किसी भी व्यक्ति द्वारा उससे बिना कागजात के मोबाइल नही खरीदा गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# अंतर्राज्यीय मेवाती गैंग का भंडाफोड़: चार महिलाओं सहित पांच गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पौड़ी। अंतर्राज्यीय मेवाती गैंग का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने चार महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से चुरायी गयी सोने की 6 चेने बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीती 5 जून को दिनेश डालमिया, निवासी गीताभवन-न.-3, स्वर्गाश्रम द्वारा थाना लक्ष्मणझूला पर तहरीर देकर बताया गया था कि हम गीता भवन नंबर-3 के घाट पर महाराज राजेंद्र दास जी के प्रवचन सुनने आये थे वहां पर काफी संख्या में सत्संगी लोग उपस्थित थे, वहां पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 10 महिला श्रद्धालुओं की धारण की गई सोने की



चेनों को गले से शातिराना ढ़ग से चोरी कर दिया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद सोने की चेन लूटने वाले मेवाती गैंग की चार महिलाओ सहित पांच लोगों को भीमगोड़ा बैराज से आगे चंडी देवी मार्ग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से चुरायी गयी सोने की 6 चेने बरामद हुई।

### ❑चुरायी गयी सोने की 6 चेन बरामद, एक आरोपी फरार

पूछताछ में उन्होने अपना नाम सुषमा सिंह पत्नी स्व. सचिन चौहान, निवासी फतेपुर चंदेला एनआईटी फरीदाबाद हरियाणा, प्रीति पत्नी मनीष निवासी फतेपुर चंदेला फरीदाबाद हरियाणा, रीना पत्नी सूरजपाल निवासी बल्लभगढ़ फरीदाबाद हरियाणा, रश्मि पुत्री स्व. पप्पू चौहान, निवासी नंगला बल्लभगढ फरीदाबाद हरियाणा व वकीला सिंह पुत्र लाल सिंह, निवासी घुस्तमा मुरैना, मध्य प्रदेश बताया। मामले में एक आरोपी फरार है जिसका नाम मनीष पुत्र स्व. पदम सिंह, निवासी रेवाड़ी हरियाणा बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी मेवाती गैंग है जो की पहले भी खाटू श्याम मंदिर राजस्थान और वृंदावन उत्तर प्रदेश तथा हरिद्वार और बनारस यूपी में भी चेन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। बहरहाल पुलिस सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*